# पुलिस लाइन में एसएसपी अजय गणपति ने किया विधि-विधान से होलिका दहन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंहनगर अजय गणपति द्वारा पुलिस लाइन रुद्रपुर में होलिका दहन पर्व के अवसर पर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया गया।होलिका दहन के पावन अवसर पर एसएसपी श्री गणपति ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी नागरिकों से आपसी भेदभाव भुलाकर प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपराध, एसपी सिटी रुद्रपुर, सीओ सिटी रुद्रपुर, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न हुआ तथा पुलिस परिवार में उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

# बस हटाने को लेकर महिला व पुत्र को पीटा

■ **पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज न करने का लगाया आरोप**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बाजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हरलालपुर में रास्ते में खड़ी बस हटाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि एक महिला व उसके पुत्र के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस पर तहरीर के बावजूद रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम हरलालपुर निवासी यशोदा पत्नी किशन लाल ने सीओ बाजपुर को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 28 फरवरी 2026 की सुबह करीब छह बजे वह खेत में कूड़ा डालने जा रही थी। आरोप है कि गांव के ही जमना प्रसाद, बालकराम, आकाश और विकास ने रास्ते में बस खड़ी कर रखी थी, जिससे आवागमन बाधित हो रहा था। बस हटाने को कहने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट पर उतारू हो गए। पीड़िता के अनुसार शोर सुनकर उसका पुत्र सुरेंद्र मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी घेर लिया। आरोप है कि विकास ने ईंट से सुरेंद्र के मुंह पर वार कर दिया, जिससे उसके आगे के चार दांत टूट गए और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंचे पति किशन लाल के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है। किसी तरह जान बचाकर परिवार के लोग वहां से निकले। घायल सुरेंद्र का उपचार सुशीला तिवारी अस्पताल में कराया गया। मेडिकल रिपोर्ट भी प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न की गई है। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी है और भविष्य में गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है।

यशोदा ने यह भी आरोप लगाया कि 28 फरवरी को चौकी व थाना बाजपुर में तहरीर देने के बावजूद अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और मामले में टालमटोल की जा रही है।

उन्होंने उच्चाधिकारियों से आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## एक नजर

# लिटिल चैम्प का वार्षिकोत्सव संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** शिक्षा भारती आदर्श विद्यालय लिटिल चैम्प का वार्षिकोत्सव रंग तरंग 2026 हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संस्थापक हरिश्चंद्र पांडे, प्रबंधक विनय पांडे, प्रधानाचार्य दीप उप्रेती, सीमा उप्रेती, विकास पांडे ने मुख्य अतिथि रमेश चंद्र जोशी रामू की गरिमामयी उपस्थिति में सरस्वती के चित्र के समक्ष दिप प्रज्वलित कर किया।




मुख्य अतिथि जोशी ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए बच्चों को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। सरस्वती वंदना स्वागत से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत में बच्चों ने अभिभावकों से वाह-वाही बटोरी। इस दौरान नृत्य, गीत, नाटक एवं अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं सृजनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। रंगों से उत्साहित और ऊर्जा पूर्ण परिस्थितियों ने अभिभावक, अतिथियों के समक्ष समां बांधा। आदर्श विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट भास्कर जोशी व प्रधानाचार्य अल्का जोशी के मार्गदर्शन में संपन्न कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों अतिथियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कच्ची शराब के साथ शराब तस्कर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा अवैध शराब/नशा मुक्ति अभियान के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में पतरामपुर चौकी इंचार्ज एसआई गोविंद सिंह मेहता द्वारा मय पुलिस टीम के गश्त के दौरान जसपुर क्षेत्र से कुलदीप सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी भोगपुर डाम थाना जसपुरको 54 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसआई गोविंद सिंह मेहता, हे.का. गिरीश चंद्र, का. विक्रम सिंह, सुभाष डुंगरियाल, प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।



# सरस्वती एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया होली पर्व




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय में होली के पारंपरिक पकवानों की आकर्षक प्रदर्शनी से हुई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक गुजिया, पापड़, नमकीन, मिठाइयाँ आदि विविध व्यंजन लाकर सजाए। उनकी सुंदर प्रस्तुति और सृजनात्मकता ने सभी का मन मोह लिया।

इसके पश्चात समस्त विद्यालय परिवार ने एक साथ मिलकर होली का त्योहार मनाया। सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बच्चों का उत्साह और उमंग देखते ही बन रही थी। विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल ने सभी बच्चों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य रामयश ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों में मनाई जाने वाली होली की परंपराओं के बारे में बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से बरसाना की लट्ठमार होली, बिहार की फगुआ होली तथा हरियाणा की धूलेंडी होली का उल्लेख करते हुए इनकी विशेषताओं से बच्चों को अवगत कराया। इस प्रकार विद्यालय में मनाया गया यह होली उत्सव आनंद, एकता और सांस्कृतिक विविधता का सुंदर उदाहरण बन गया।

# नगर पालिका में हुआ भव्य होली मिलन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन रामनगर इकाई द्वारा ग्रीन वैली नगर पालिका परिसर में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्तमान छात्र-छात्राओं और पूर्व छात्र संघ पदाधिकारियों ने एकजुट होकर फूलों और गुलाल के साथ होली का त्यौहार बेहद धूमधाम से मनाया।



समारोह की शुरुआत पारंपरिक कुमाऊंनी होली गीतों और लोक धुनों के साथ हुई, जिस पर छात्र जमकर थिरके। कार्यक्रम में वर्तमान छात्रों के साथ-साथ पूर्व छात्र संघ पदाधिकारियों ने भी शिरकत की। वरिष्ठ साथियों ने नवागंतुक छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए और प्रेम व भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि होली का यह पर्व आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम और सद्भाव को बढ़ावा देने का प्रतीक है।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन हमेशा से ही छात्र हितों के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासतों को संजोने का कार्य करती रही है। पूर्व छात्र संघ पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों के बीच संवाद और समन्वय बढ़ता है। नगर पालिका के ग्रीन वैली क्षेत्र में अबीर-गुलाल और उल्लास के बीच सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुमित लोहनी, अमित कुमार,दीपक सिंह रावत ,पूर्व छात्र संग अध्यक्ष अमित पाल सिंह रावत,विकाश कुमार,सभासद सचिन कुमार आर्य, सोनू तिवारी दीपक राणा,हरदीप सिंह आदि मौजूद रहें।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से व्यक्ति गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली क्षेत्र के जगतपुर में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जगतपुर निवासी भजन सिंह पुत्र स्व. सुरजन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 2 फरवरी 2026 को वह अपनी बहन के घर से वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान जगतपुर मेन रोड पर गुब्बारों के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में भजन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसके हाथ की हड्डी टूट गई। आरोप है कि बाइक सवार अब्दुल, हामिद पुत्र आबिद व अन्य निवासी ग्राम धनसारा, तहसील बाजपुर मौके से फरार हो गए और घायल को सड़क पर ही छोड़ दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा इलाज का खर्च दिलाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में मना होली का शानदार जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में होली का पावन पर्व अत्यंत हर्ष, उत्साह और सांस्कृतिक भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी से कक्षा टप्प्प तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे पूरा कार्यक्रम सचमुच रंगारंग और अविस्मरणीय बन गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समस्त स्टाफ को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने होली के नैतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व को सुंदर शब्दों में समझाया तथा एकता, सौहार्द, भाईचारे, सम्मान और प्रेम के मूल्यों पर विशेष बल दिया। मनीषा मैम के समर्पित मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास, उत्साह और गरिमा के साथ कार्यक्रम का संचालन किया।

छात्र-छात्राओं सौम्या, स्वाति, जीविका चंद्रा, मिताली, अर्ना, तुरनिमा, आराध्या, अभिनव, चिराग, लवी, आलिया, वानिया, रिद्धि, पावनी मंच संचालन में सक्रिय रहे और अपने उत्कृष्ट आत्मविश्वास का परिचय दिया। नृत्य शिक्षक अनुराग के निर्देशन में विद्यार्थियों ने ऊर्जा और उत्साह से भरपूर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। अंत में विद्यालय प्रांगण में होली उत्सव का आयोजन किया गया। जूनियर और सीनियर छात्राओं ने समूहों में मिलकर पहले होली खेली और खुशियों तथा मित्रता के रंग बिखेरे।

इसके पश्चात जूनियर एवं सीनियर छात्रों ने भी समान उत्साह और सौहार्द के साथ होली का आनंद लिया। पूरा परिसर हंसी, संगीत और उल्लास से गूंज उठा।

# आइकॉन प्रीस्कूल में बच्चों एवं माताओं ने उल्लास के साथ मनाया होली महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आइकॉन प्रीस्कूल विद्यालय में होली का पर्व बड़े ही हर्ष, उत्साह और रंगों की अनूठी छटा के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिवार ने माताओं को आमंत्रित कर कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। पूरे परिसर में रंग-बिरंगी सजावट, फूलों और गुलाल की खुशबू ने सभी का मन मोह लिया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलमय सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित सभी माताओं का दिल जीत लिया। माताओं और बच्चों ने मिलकर पारंपरिक होली गीतों पर नृत्य किया, जिससे पूरा वातावरण प्रेम, सौहार्द और खुशियों से सराबोर हो गया। इस रंगारंग उत्सव में विभिन्न मनोरंजक खेल, समूह गतिविधियां, डांस, गायन प्रतियोगिता तथा होली से जुड़ी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। माताओं ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। माताओं और बच्चों ने मिलकर पारंपरिक होली गीतों पर नृत्य किया, जिससे वातावरण आनंद और उमंग से भर उठा। कार्यक्रम के दौरान अनेक मनोरंजक खेल, समूह गतिविधियां तथा होली से जुड़ी रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। विद्यालय के निदेशक तरूण कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ परिवार और विद्यालय के बीच मजबूत संबंध स्थापित करते हैं। उन्होंने सभी को सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल होली मनाने का संदेश भी दिया। अंत में सभी ने हर्षोल्लास के साथ इस रंगोत्सव का समापन किया और अगली बार फिर ऐसे ही मिलकर उत्सव मनाने का संकल्प लिया।

# होली मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** भाजपा नगर मण्डल ने भाजपा मण्डल अध्यक्ष टिंकू यादव की अगुवाई में अनाज मंडी स्थित पं. गोविंद बल्लभ पंत पार्क में मंगलवार किया। होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन। फूलों की होली के साथ एक-दूसरे को दी होली की बधाई। इस मौके पर दर्जा कैबिनेट मंत्री बलराज पासी, दर्जा गन्ना राज्य मंत्री मन्जीत सिंह शराजूश, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री राजेश कुमार, लोकतंत्र सेनानी गोपाल कोछड़, सांसद प्रतिनिधि विजयपाल सिंह जाटव, अनीता शर्मा, उमा जोशी, स्तुति गुप्ता, पूजा जिंदल, गुरमुख सिंह, विकास गुप्ता, तनिकेत पासी, मयंक शर्मा, कुसुम सैनी, ममता जैन, जयराम सिंघल, बिट्टू चौहान, चंद्रिका फौगाट, दिव्या, प्रतिभा सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# विधिवत पूजा अर्चना के साथ होलिका दहन कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सनातन श्री रामलीला पत्र परिषद द्वारा होलिका दहन कार्यक्रम मुख्य चौक पर आयोजित किया गया, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के निवास पर आयोजित होली मिलन समारोह के उपरांत रामलीला कमेटी के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने मुख्य चौक पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी के नेतृत्व में होलिका दहन कार्यक्रम विधिवत पूजा अर्चना के साथ संपन्न किया।



मुख्य चौक पर चालीस वर्षों से चली आ रही परंपरा के साथ पंडित संतोष शास्त्री द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के साथ देवी देवताओं को आह्वान के साथ होलिका मैया की पूजा कर होलिका दहन किया गया। सभी समाज के सनातनियों ने मुख्य चौक पर होलिका मैया की पूजा अर्चना कर होलिका दहन किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता, वर्तमान महामंत्री इंद्रेश गुंबर, पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज बाधवा, बीजेपी नेता संतोष अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, नागेश गुप्ता, अचल शर्मा, विशाल अग्रवाल, राजू श्रीवास्तव, सुनील गुप्ता, पप्पू सक्सेना, भगवान दास गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, साहिल अग्रवाल, ऊनी अदरवाल, आदेश भटनागर, मनोज सक्सेना, रामचंद्र दद्दा आदि उपस्थित थे।

# शुभ मुहूर्त में हुआ होलिका दहन

■ **सुबह 4 से 5:30 बजे तक गन्ना लेकर श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में रंगों के महापर्व होली की शुरुआत परंपरागत आस्था और उल्लास के साथ हुई।मंगलवार सुबह मुहूर्त में विधि-विधान से होलिका दहन किया गया,ब्रह्म मुहूर्त में ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में होलिका स्थल पर एकत्रित होने लगे थे। पूरे वातावरण में भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

होलिका दहन के अवसर पर श्रद्धालु अपने हाथों में गन्ना लेकर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। मान्यता है कि गन्ना अर्पित करने से जीवन में समृद्धि, सुख-शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में पूजा की, वहीं पुरुषों और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया,पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा संपन्न कराई गई, होलिका में अग्नि प्रज्वलित होते ही श्रद्धालुओं ने परिक्रमा की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की, कई लोगों ने नई फसल के प्रतीक के रूप में गन्ने को अग्नि में अर्पित किया और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक माना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने उसे अग्नि से सुरक्षित रखा था, जबकि अहंकारी होलिका अग्नि में भस्म हो गई थी। इसी आस्था के साथ हर वर्ष यह पर्व मनाया जाता है।

सुबह के शांत वातावरण में जब अग्नि की लपटें उठीं, तो पूरे क्षेत्र में होली है के जयघोष गूंज उठे। इसके साथ ही रंगों के त्योहार की औपचारिक शुरुआत हो गई।अब लोग एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली के रंगों में सराबोर होने को तैयार हैं।

# नदी किनारे सुलग रही शराब की भट्टियों पर पुलिस का छापा

■ **मौके से हजारों लीटर लाहन नष्ट कर शराब बनाने के उपकरण जप्त किए**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने नदी किनारे सुलग रही शराब की भट्ठियों के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए हजारों लीटर लहन नष्ट कर तथा शराब बनाने के उपकरण जप्त किए।

मंगलवार को जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने पुलिस ने ग्राम मटिहा, कनपुरा के समीप बह रही कैलाश नदी के किनारे चल रही अवैध कच्ची शराब की भट्ठियों के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की। छापे के दौरान पुलिस ने शराब बनाने के लिए गड्ढों में डाले गए हजारों लीटर लहान को नष्ट किया। वहीं शराब बनाने के उपकरणों को जप्त किया है। पुलिस ने बीते दिवस ग्राम मटिहा, कानपुर से एक व्यक्ति को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना नाम कृपाल सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी ग्राम रमपुरा काजी, थाना किला खेड़ा उधम सिंह नगर बताया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आरोपी का चालान कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संजय कुमार, उपनिरीक्षक मनोज जोशी, मुख्य आरक्षी जगदीश पुजारी, जय कुमार, दिनेश पांडे शामिल है।

# होली पर्व को लेकर पुलिस और वन विभाग ने किया फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** होली पर्व को लेकर वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर होली पर्व के दौरान मानव-वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण एवं वन एवं वन्यजीव सुरक्षा के तहत कार्बेट के पार्क वार्डन बिन्दर पाल के नेतृत्व में कार्बेट टाइगर रिजर्व की बिजरानी रेंज, सर्पदुली रेंज, सुरक्षा इकाई,रामनगर वन प्रभाग की कोसी रेंज एवं स्थानीय पुलिस बल के साथ गर्जिया वन परिसर से सांवल्दे वन परिसर तक फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया।

टीम द्वारा फ्लैग मार्च के लिए गर्जिया वन परिसर में एकत्रित हुए।पार्क वार्डन द्वारा स्टाफ की ब्रीफिंग की गयी और उक्त फ्लैग मार्च के उददेश्यों से अवगत कराते हुए होली पर्व के दौरान अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर एवं उन्हें विफल करने के लिए निर्देशित किया गया।वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें कार्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के तहत नियमित रूप से विशेष सघन गश्त आदि करने के लिए निर्देशित किया गया और टीम को फ्लैग मार्च के लिए रवाना किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान आम जनमानस से वनों में प्रवेश न करने के लिए अपील की गयी। इसके अतिरिक्त कॉर्बेट टाइगर रिजर्व बिजरानी रेंज के रेंजर नवीन चन्द्र पाण्डे द्वारा वन क्षेत्रों के निवासरत ग्रामीणों से विशेष अनुरोध किया गया कि वे अपने घरों के आस-पास कूड़ा न जलाये।

फ्लैग मार्च गर्जिया वन परिसर-ढिकुली-लदुवा-राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-309 से लखनपुर चौक-कोटद्वार रोड, चोरपानी, गौजानी, कानियों, हिम्मतपुर डोटियाल होते हुए सांवल्दे परिसर पहुंचा।फ्लैग मार्च में कार्बेट टाइगर रिजर्व के पार्क वार्डन बिन्दर पाल, रेंजर नवीन चन्द्र पाण्डे, भूपेन्द्र



सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह नेगी, रमन सिंह, मानसी अरोरा, सुदेश सैनी, मोहन उप्रेती, प्रमोद डोर्बी, कृष्ण चन्द्र पंत, भूपाल सिंह बिष्ट, नितेश कुमार, संदीप सिंह, नवीन चन्द्र, नमिता, संजय सिंह, आरिफ हुसैन आदि मौजूद रहे।

# ढोल की थाप और रंगों से सजी दौला की ऐतिहासिक होली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम दौला की ऐतिहासिक होली इन दिनों हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाई जा रही है। यहां होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि ढोल की थाप, राग-रस और लोक संस्कृति का जीवंत संगम है।

होली का शुभारंभ ग्राम स्थित श्री चटकेशर महादेव मंदिर में टीका लगाकर किया जाता है तथा समापन भी यहीं पर होता है। इस दौरान होल्यार पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-दमाऊ की मधुर थाप पर खड़ी होली का गायन करते हुए विभिन्न स्थानों दौला, देवलाल गांव, मरखोलीगांव, देवतोला, रई, सिल्थाम, गांधी चौक, पुरानी बाजार स्थित सीर स्थल एवं जिलाधिकारी निवास तक पहुंचते हैं। जिलाधिकारी निवास पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई द्वारा होल्यारों का पारंपरिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने जिलाधिकारी को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। जिलाधिकारी ने भी सभी को रंग लगाकर आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया।

उल्लेखनीय है कि विगत लगभग 50 वर्षों से ग्राम दौला की होली परंपरागत रूप से जिलाधिकारी निवास पहुंचती रही है, जो इस ऐतिहासिक पर्व की विशिष्ट पहचान बन चुकी है।

होली कमेटी अध्यक्ष श्री चंद्र शेखर नगरकोटी ने बताया कि जहां एक ओर सोर घाटी में बढ़ते शहरीकरण के कारण नई पीढ़ी अपनी लोक संस्कृति से दूर होती जा रही है, वहीं ग्राम दौला के निवासी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

वे परंपराओं को जीवित रखते हुए युवाओं को भी लोक संस्कृति से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। दौला की यह ऐतिहासिक होली जनपद की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है, जो आपसी भाईचारे, प्रेम और लोक परंपराओं की सशक्त एवं जीवंत मिसाल प्रस्तुत करती है।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**■ हादसे में एक की मौत, एक घायल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के पीरूमदारा चौकी क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 309 पर मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पीरूमदारा क्षेत्र में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस की मदद से को तुरंत रामनगर स्थित रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया और घायल मलकीत को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



हादसे के संबंध में मृतक के बेटे गगन दीप ने बताया कि उनके पिता सुबह अपनी बाइक से काशीपुर की ओर फैक्ट्री में ड्यूटी के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह नई बस्ती के पास पहुंचे, तभी काशीपुर की दिशा से आ रही स्कॉर्पियो ने ओवरटेक करने के दौरान उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान सोहन लाल पुत्र बनारसी लाल उम्र 63 साल निवासी भवानीपुर खुल्बे के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सोहन लाल काशीपुर स्थित एक निजी कंपनी की बस में चालक के रूप में कार्यरत थे और रोजाना ड्यूटी पर आते-जाते थे।

हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी ओर गंभीर रूप से घायल मलकीत सिंह की हालत गंभीर होने पर चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया है। बुधवार को पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर

# रामराज रोड पर सड़क हादसा, दो लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बाजपुर क्षेत्र में रामराज रोड स्थित एक बैंक के समीप तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से दो लोग घायल हो गए।

वार्ड नंबर 12 भोना कॉलोनी निवासी राकेश शर्मा अनाज मंडी से बाइक द्वारा अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान वार्ड नंबर 11 निवासी निर्मल सिंह ट्रक से उतरकर सड़क पार कर रहे थे। तभी तेज गति से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।घटना सोमवार रात्रि की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उप चिकित्सालय बाजपुर में भर्ती कराया गया।

# भारतीय सेना की पारदर्शिता और श्रेष्ठ चयन प्रक्रिया को सलाम



**बनबसा भर्ती रैली में गूंजा नारा "ये दिल मांगे मोर"**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबासा ( चंपावत )।** इंडियन आर्मी द्वारा आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली के पांचवें दिन बनबसा मिलिट्री स्टेशन में टेक्निकल, क्लर्क एवं ट्रेड्समैन कैटेगरी के उम्मीदवारों ने अद्भुत ऊर्जा, तकनीकी दक्षता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस एआरओ पिथौरागढ़ के तत्वावधान में आयोजित इस रैली में पिथौरागढ़ और चंपावत जिलों से आए 300 से अधिक युवाओं ने अपनी प्रतिभा और क्षमता का दमखम दिखाया।

अग्निवीर टेक्निकल और क्लर्क श्रेणी में शामिल युवाओं ने तकनीकी समझ, कंप्यूटर ज्ञान, गणितीय दक्षता और प्रशासनिक योग्यता का परिचय दिया, वहीं ट्रेड्समैन कैटेगरी के अभ्यर्थियों ने अपने व्यावहारिक कौशल और कार्य दक्षता से चयन प्रक्रिया में प्रभाव छोड़ा। इन युवाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास और हौसला साफ झलक रहा था्रमानो हर कदम पर एक ही नारा गूंज रहा हो "ये दिल मांगे मोर!"। भारतीय सेना की निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया ने युवाओं का विश्वास और मजबूत किया। आधुनिक तकनीक और सख्त मानकों के साथ पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संचालित किया गया, जिससे योग्य उम्मीदवारों को अवसर मिल सके और सेना को सर्वश्रेष्ठ युवा शक्ति प्राप्त हो। रैली में शामिल युवाओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि वे केवल नौकरी नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का अवसर चाहते हैं। अग्निवीर बनकर देश की सुरक्षा और सम्मान के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने का जोश हर प्रतिभागी में दिखाई दिया।

# होली पर अलर्ट मोड में चम्पावत पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** रेखा यादव, पुलिस अधीक्षक द्वारा त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में यातायात, अपराध नियन्त्रण व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस बल को अलर्ट कर सघन चेंकिग अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया है।



क्षेत्राधिकारी वंदना वर्मा के पर्यवेक्षण में सभी थाना प्रभारीयों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत मय पुलिस टीम के सघन चें. कंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा नगर क्षेत्रों सहित अन्य बाजारों, चौराहों पर सघन चेकिंग की जा रही है। जनपद में चप्पे-चप्पे पर सघन चेकिंग अभियान चल रहा है,पुलिस बल अलर्ट मोड पर है। संदिग्ध वस्तु,वाहन,व्यक्तियों की लगातार तलाशी की जा रही है। चम्पावत पुलिस ने आमजन से अपील की कि त्योहारों को शांति, सौहार्द एवं जिम्मेदारी के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को दें।

# जिला पत्रकार संगठन चंपावत का सम्मान

**■ मेजर जनरल मनीष कुमार ने किया अभिनंदन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा ( चंपावत )।** भर्ती रैली के दौरान मीडिया से संवाद करते हुए मेजर जनरल मनीष कुमार, एडीजी मुख्यालय रिक्रूटिंग जोन लखनऊ (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) ने स्पष्ट कहा कि भारतीय सेना का उद्देश्य केवल योग्यतम और सर्वश्रेष्ठ युवाओं का चयन करना है। उन्होंने बताया कि संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया को अत्याधुनिक तकनीक, डिजिटल मॉनिटरिंग और सख्त पारदर्शिता मानकों के साथ संचालित किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक अभ्यर्थी को निष्पक्ष अवसर मिल सके।



मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने भर्ती प्रक्रिया की विभिन्न चरणों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि सेना पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करती।

उन्होंने कहा कि युवाओं का जोश और अनुशासन इस रैली में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जो देश के भविष्य की सशक्त तस्वीर प्रस्तुत करता है। प्रेस वार्ता के उपरांत मेजर जनरल मनीष कुमार ने उपस्थित पत्रकारों को सम्मानित किया और भर्ती प्रक्रिया के निष्पक्ष संचालन में मीडिया की सकारात्मक भूमिका की सराहना की।

इस अवसर पर कर्नल राहुल मेलगे, जिला पत्रकार संगठन चंपावत के वरिष्ठ पत्रकार विनोद काला, आबिद सिद्दीकी, मोहम्मद याकूब, शुभम गौड़, राजीव गुप्ता, विनोद जोशी, नवीन भट्ट, सेना अधिकारी एवं आमीर हम्जा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए सेना के प्रयासों की सराहना की।

# खाड़ी देशों में फंसे चम्पावत के लोगों का जुटेगा डेटा

**■ प्रशासन ने जारी किए निर्देश**

**■ जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों और विकास अधिकारियों को दिया तत्काल सूचना संकलन का आदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** खाड़ी देशों में बढ़ते तनाव और हालात को देखते हुए मांडल जिला चम्पावत प्रशासन सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी चम्पावत की ओर से एक अहम पत्र जारी कर जनपद के उन लोगों का विवरण तत्काल एकत्र करने के निर्देश दिए गए हैं, जो वर्तमान में खाड़ी देशों में निवास कर रहे हैं या किसी कारणवश वहां फंसे हुए हैं।



कार्यालय से जारी पत्र में सभी उपजिलाधिकारियों तथा खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे क्षेत्रीय राजस्व उपनिरीक्षकों एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में सूचना संकलित कर शीघ्र उपलब्ध कराएं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कदम एहतियातन उठाया गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता और समन्वय स्थापित किया जा सके। निर्धारित प्रारूप में संबंधित व्यक्ति का नाम, पिता का नाम, पता, मोबाइल नंबर, किस देश में निवासरत हैं, कब से वहां रह रहे हैं तथा गांव में परिजनों का संपर्क नंबर जैसी जानकारियां मांगी गई हैं। प्रशासन ने यह भी कहा है कि सूचना संकलन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि खाड़ी देशों में उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए एहतियातन जनपद के वहां रह रहे लोगों का डेटा संकलित किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य है कि यदि किसी प्रकार की आपात स्थिति उत्पन्न होती है तो प्रशासन तुरंत समन्वय स्थापित कर सके और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जा सके। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सूचना संकलन में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए।

उन्होंने जनपदवासियों से भी अपील की है कि जिनके परिजन खाड़ी देशों में हैं, वे संबंधित ब्लॉक या तहसील कार्यालय में जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग करें। प्रशासन की इस पहल को जनपद के लोगों की सुरक्षा और संवे. दनशीलता से जोड़कर देखा जा रहा है।

# जिला सूचना कार्यालय में सजी रंग रस और रिश्तों की रौनक

**■ काली कुमाऊं की सुरमयी होली**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** होली के उल्लासपूर्ण अवसर पर जिला सूचना कार्यालय परिसर रंगों, रिश्तों और रागों से सराबोर नजर आया। होली मिलन समारोह में जनपद के पत्रकारों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने एक मंच पर आकर काली कुमाऊं की पारंपरिक होली का आनंद लिया। अबीर-गुलाल की खुशबू, ढोलक की थाप और सामूहिक स्वरों की मधुरता ने पूरे वातावरण को लोक-संस्कृति के रंग में रंग दिया।

कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की संगत में कुमाऊँनी खड़ी होली का सामूहिक गायन हुआ, जिसने उपस्थित सभी लोगों को उत्साह और आत्मीयता से भर दिया। हंसी-ठिठोली और लोकधुनों के बीच आयोजन ने प्रशासन और मीडिया के रिश्तों को और प्रगाढ़ करने का संदेश दिया। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने पत्रकार बंधुओं को रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं और स्वयं भी होली गायन में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि आपसी सौहार्द, विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का उत्सव है। लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन और मीडिया के स्वस्थ समन्वय से जनहितकारी योजनाएं प्रभावी रूप से जनता तक पहुंचती हैं।

अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी ने भी सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी आत्मीयता को सुदृढ़ करते हैं और कार्य संबंधों में बेहतर सामंजस्य स्थापित करते हैं। समारोह में खंड विकास अधिकारी अशोक अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह बिष्ट, जिला युवा कल्याण अधिकारी जसवंत सिंह खड़ायत, अधिशासी अधिकारी भरत त्रिपाठी, सिटी मिशन मैनेजर महेश चौहान सहित सूचना विभाग के कर्मचारी और जनपद के अनेक पत्रकार उपस्थित रहे। सभी ने पारंपरिक होली गीतों की प्रस्तुति देकर आयोजन को यादगार बना दिया।

# होली के रंगों से सावधान! केमिकल युक्त रंग बन सकते हैं सेहत के लिए खतरनाक

**■ आंख, त्वचा और बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है गंभीर प्रभाव, चिकित्सकों ने जारी की एडवाइजरी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** होली का त्योहार जहां उल्लास और उमंग का प्रतीक है, वहीं बाजार में बिक रहे मिलावटी और केमिकल युक्त रंग स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। जिले के वरिष्ठ चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि रंगों का चयन सोच-समझकर करें और सुरक्षा के उपाय अवश्य अपनाएं। लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विराज राठी ने बताया कि केमिकल युक्त रंग आंखों में जलन, लालिमा, सूजन और कॉर्निया संक्रमण का कारण बन सकते हैं। कई बार आंखों में एलर्जी और अस्थायी रूप से दृष्टि प्रभावित होने की शिकायतें भी सामने आती हैं। उन्होंने सलाह दी कि रंग आंख में जाने पर तुरंत साफ पानी से धोएं, आंखें न रगड़ें और समस्या होने पर तुरंत नेत्र चिकित्सक से संपर्क करें।

फिजिशियन डॉ. राकेश जोशी ने कहा कि सस्ते रंगों में सीसा और अन्य हानिकारक रसायन मिलाए जाते हैं, जिससे त्वचा पर खुजली, चकत्ते, एलर्जी और फंगल संक्रमण हो सकता है। अस्थमा और एलर्जी के मरीजों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि सूखे रंगों की धूल सांस के जरिए शरीर में जाकर परेशानी बढ़ा सकती है।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्ञान प्रकाश ने अभिभावकों को सचेत करते हुए कहा कि बच्चों की त्वचा नाजुक होती है और उन पर केमिकल रंगों का असर जल्दी होता है। इससे त्वचा संक्रमण, आंखों में जलन, उल्टी-दस्त या सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं हो सकती हैं। बच्चों को सुरक्षित और हर्बल रंगों से ही होली खेलने दें तथा उनकी निगरानी रखें।

चिकित्सकों ने हर्बल रंगों के उपयोग, रंग खेलने से पहले शरीर पर तेल लगाने, आंखों की सुरक्षा के लिए चश्मा पहनने और किसी भी समस्या होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी है।

चिकित्सकों ने कहा कि होली खुशियों का त्योहार है, इसे सुरक्षित तरीके से मनाकर ही सच्चे अर्थों में आनंद लिया जा सकता है।

# होली पर मिली डबल सौगात

**■ किमतोली-रैसाल सड़क को 12.10 करोड़ मंजूर, 'सरकार जनता के द्वार' शिविरों का असर धारातल पर दिखा**

**■ सीएम की मॉडल जिला परिकल्पना को मिली रफ्तार, 20 गांवों की 10 हजार आबादी को मिलेगा सीधा लाभ**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मॉडल जिला परिकल्पना अब जमीन पर आकार लेती नजर आ रही है। "सरकार जनता के द्वारा" कार्यक्रम के तहत जनपद के विभिन्न गांवों में लगाए गए शिविरों का असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। इन्हीं जनभावनाओं और स्थानीय मांगों का परिणाम है कि लोहाघाट ब्लॉक की सीमांत 20 किलोमीटर लंबी किमतोली-रैसाल मोटर मार्ग को हाटमिक्स से पक्का एवं सुधारीकरण के लिए 12.10 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह सड़क लगभग 20 गांवों को जोड़ती है, जिससे करीब 10 हजार की आबादी सीधे तौर पर लाभान्वित होगी। वर्षों से जर्जर हालत में पड़ी इस सड़क के कारण ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। बरसात में हालात और भी बदतर हो जाते थे। अब डामरीकरण से आवागमन सुगम होगा और सीमांत क्षेत्र को विकास की नई राह मिलेगी। दरअसल, जिलाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में आयोजित बहुउद्देश्यीय जनसेवा शिविरों मेंस्थानीय समस्याओं का मौके पर त्वरित समाधान किया गया। वहीं सड़क, स्कूल, बिजली और पेयजल जैसी बड़ी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर पत्राचार किया गया। लगातार फॉलोअप और प्रभावी पैरवी का नतीजा है कि अब बड़ी योजनाओं पर भी ठोस निर्णय सामने आने लगे हैं।

"जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के दौरान ग्रामीणों ने किमतोलीख्ररैसाल सड़क के डामरीकरण की मांग प्रमुखता से उठाई थी। जिला प्रशासन ने प्रस्ताव शासन को भेजा, जिस पर शीघ्र निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री ने वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी।

इससे यह संदेश भी गया है कि शिविरों में उठी समस्याएं केवल कागजों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि उन पर कार्रवाई भी होती है।

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता हितेश कांडपाल ने बताया कि स्वीकृति प्राप्त होते ही विभाग द्वारा तकनीकी औपचारिकताएं पूरी कर निविदा प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराया जाएगा और समयसीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। क्षेत्रवासियों ने इसे होली पर मिली बड़ी सौगात बताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और जिला प्रशासन का आभार जताया है। उनका कहना है कि शिविरों की पहल और शासन की तत्परता से अब सीमांत गांवों में विकास की किरण साफ दिखाई देने लगी।






















# एसएसपी ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से एसएसपी अजय गणपति द्वारा पुलिस कार्यालय में स्थित पुलिस कंट्रोल रूम का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने त्योहार को लेकर की गई तैयारियों और तकनीकी निगरानी प्रणालियों की बारीकी से समीक्षा की। एसएसपी ने कंट्रोल रूम में स्थापित सीसीटीवी कैमरों के फीड की जांच की और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि शहर में 24×7 पैनी नजर रखी जाए।

